



सुरुचि की डायरेक्टर पूजा माहेश्वरी ने बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दाएं चित्र में नवभारत के प्रबंध संपादक सुमित माहेश्वरी एवं सुरुचि की डायरेक्टर पूजा माहेश्वरी ने भोपाल महापौर मालती राय को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# सुरुचि कुकिंग क्वीन के विजेताओं को मिला आकर्षक पुरस्कार

**▶ प्रतियोगिता में 88 भारतीय और 26 वेस्टर्न व्यंजनों का प्रदर्शन**

**▶ कार्यक्रम में महापौर मालती राय और बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा हुईं शामिल**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जुलाई. नवभारत संस्थान द्वारा बुधवार को सुरुचि कुकिंग क्वीन कांटेस्ट का आयोजन किया गया. यह आयोजन नवभारत की साप्ताहिक पत्रिका सुरुचि की निदेशक पूजा माहेश्वरी और नवभारत टीम द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक वेस्टर्न कोल्ड फ़ील्ड्स और सांची दुग्ध संघ रहा. जिनकी ओर से प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय, भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा और डीजे स्टार नफीसा हसन, जनसंपर्क के एडिशनल डायरेक्टर जीएस वाधवा, संयुक्त संचालक पंकज मित्तल शामिल हुए. कांटेस्ट में लगभग 122 महिलाओं और उनके परिजनों ने अपनी भागीदारी दी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. जिनका उत्साहवर्धन कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि और शहर के मशहूर सेफ जजों ने किया. कार्यक्रम में सांची दुग्ध संघ की मार्केटिंग मैनेजर निधि सिंह, चित्र क्यूलनरी अकेडमी से प्रीती मिश्रा, कोर्टयार्ड मैरिएट के एक्जक्यूटिव सेफ अमोल पाटिल, ताज भोपाल के एक्जक्यूटिव सेफ अनूप गुप्ता, बेक्ड 186 की संस्थापक सुरभि माहेश्वरी और द फर्न रेजिडेंसी के सेफ सुनील सिंह ने जज की भूमिका निभाई.

### प्रथम विजेता सविता गुप्ता और ममता को वॉशिंग मशीन

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चला. कुकिंग कांटेस्ट को दो केटेगरी में बांटा गया. जिसमें इंडियन कैटेगरी में सविता गुप्ता को पहला, नैंसी शुक्ला को दूसरा और नीलम जैन को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ. दूसरी वेस्टर्न कैटेगरी में ममता को पहला, निकिता वंशकार को दूसरा और जय श्री ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता में शामिल हुए लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों को नवभारत की टीम की तरफ से सांत्वना पुरस्कार और प्रतिभागी प्रमाण पत्र भी दिया गया. विजेता कंटेस्टेंट में पहला स्थान प्राप्त करने वाली सविता गुप्ता और ममता को सैमसंग वाशिंग मशीन, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली नैंसी शुक्ला और निकिता वंशकार को सैमसंग माइक्रोवेव और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली नीलम जैन और जय श्री को सुजाता मिक्सर ग्राइंडर देकर पुरस्कृत किया गया.

### सुरुचि की निदेशक पूजा ने दी प्रतिभागियों को बधाई

नवभारत पत्रिका सुरुचि की निदेशक पूजा माहेश्वरी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि नवभारत ने पहले भी इस तरह के आयोजन किए हैं. कोविड के कारण चरण कुछ समय के लिए थमा था, लेकिन फिर से यह प्रारंभ कर दिया गया है. अब इस तरह के रोचक और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अन्य कार्यक्रम करेंगे. आप सभी को इसमें प्रतिभागियों को फिर अवसर मिलेगा. उन्होंने कहा सुरुचि का उद्देश्य महिलाओं तक ज्ञान, मनोरंजन, प्रेरक कहानियां और उन्हें उनकी प्रतिभाओं के लिए मंच देना है, जिसका सिलसिला जारी रहेगा.

### महापौर ने की कुकिंग क्वीन की सराहना

महापौर मालती राय ने सभी प्रतिभागियों से मिलते हुए बधाई दी और नवभारत के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की. उन्होंने सुमित महेश्वरी और पूजा माहेशवरी सहित पूरी नवभारत की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए यह अच्छा प्रयास है. ऐसे कार्यक्रम और मंच महिलाओं को संस्थान देते रहें, जिससे वह अपनी प्रतिभाओं को सब के सामने रख सकें.

### 88 भारतीय और 26 वेस्टर्न व्यंजन की सजी लंबी श्रृंखला

बिगड़े मौसम में भी किचन क्वीन ने हार नहीं मानी और एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए. लगभग 88 तरह के भारतीय और 26 तरह के वेस्टर्न व्यंजन की लम्बी श्रृंखला टेबल पर प्रतिभागियों द्वारा सजाई गई. जिसको पांच निर्णायकों द्वारा परखा गया.



वेस्टर्न केटेगिरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती हुई ममता।



वेस्टर्न केटेगिरी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त करती हुई जयश्री।



इंडियन केटेगिरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती हुई सविता गुप्ता।



इंडियन केटेगिरी में दूसरा पुरस्कार प्राप्त करती हुई नैंसी शुक्ला।



इंडियन केटेगिरी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त करती हुई नीलम जैन।

### प्रतिभागियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों का कहना है कि नवभारत की टीम और सुरुचि की टीम ने उन्हें जो मंच आज दिया है, उसकी वजह से अपने व्यंजन बनाने की कला को मंच पर प्रस्तुत कर पाई. पूरे कांटेस्ट के दौरान महिलाओं में अपने व्यंजन को प्रस्तुत करने को लेकर काफी उत्सुक नजर आया. महिलाओं ने नवभारत के सेल्फी पॉइंट के साथ सेल्फी भी ली. प्रतिभागियों का कहना है कि वो आगे भी नवभारत के इसी तरह के मंचों का इंतजार करेंगी और जब भी उन्हें अपने कौशल को दिखाने के लिए ऐसे मंच मिलेंगे, वो खुलकर अपनी प्रतिभा को सामने रखेंगी. प्रतिभागी समृद्धि का कहना है कि हम महिलाओं को विशेष कर नए-नए व्यंजनों को दिखाने और सम्मान पाने का मौका अगर घर के बाहर भी ऐसे ही मिलता रहे.

# आजाद ऐसी आंधी, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक साधारण परिवार में जन्मे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे।.आजाद एक ऐसी आंधी थे, जिसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी. चंद्रशेखर आजाद एक नाम नहीं, भारत की क्रांति का वह तेजस्वी स्वर था, जिसकी गूंज आज भी देशभक्ति की शपथ लेने वालों के हृदय में सुनाई देती है.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर अलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर भाभरा में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्मरण-आजाद को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाल्यकाल से ही उनमें एक अलग तेज और एक अलग सोच थी. जब काशी में उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए, तब न्यायाधीश के पूछने पर जो जवाब उन्होंने दिया, वह आज भी हर देशभक्त के हृदय में बसा है.

> जब उनसे, उनका नाम पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया- आजाद. पिता का नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया-स्वाधीनता. तीसरी बार जब उनके घर का पता पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया था- जेल. वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, एक विचारधारा और आत्मबल के प्रतीक थे, जिन्होंने यह संकल्प लिया था कि-मैं आज़ाद था, आज़ाद हूं और आज़ाद ही रहूंगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने केवल एक क्रांतिकारी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण स्वाधीनता आंदोलन के सेनापति की भूमिका निभाई.




# डिप्टी कमिश्नर के ठिकानों पर छापा, 6 करोड़ की संपत्ति उजागर

**▶ ईओडब्ल्यू की 35 घंटे की कार्रवाई**

**▶ बाघ की खाल मिलने पर वन विभाग ने भी दर्ज किया केस**

**जबलपुर,23 जुलाई. मध्यप्रदेश के जबलपुर में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे के विभिन्न ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की. मंगलवार को शुरू हुई छापेमारी लगभग 35 घंटे तक चली, जिसमें 6 करोड़ से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ है.**

ईओडब्ल्यू ने जबलपुर स्थित सरकारी आवास, भोपाल स्थित निजी मकान, सागर के सरकारी निवास और जबलपुर के पैतृक निवास पर एक साथ दबिश दी. जांच के दौरान मंडला में एक मकान और कृषि भूमि होने की भी जानकारी मिली है. अधिकारियों को तलाशी के दौरान 56 महंगी शराब की बोतलें, लाखों रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात, दस्तावेज और बैंक लॉकर की जानकारी मिली है. इसके अलावा अधारताल स्थित निजी मकान से बाघ की खाल बरामद हुई, जिसके बाद वन विभाग ने तत्काल वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है. कार्रवाई में ईओडब्ल्यू के साथ वन विभाग और आबकारी विभाग की टीमें भी शामिल रहीं. जांच अब भी जारी है और अधिकारियों को कई और

# शिलांग पहुंचे राजा रघुवंशी के भाई विपिन, बोले- अब सिर्फ इंसाफ चाहिए

**▶ पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डेथ सर्टिफिकेट मांगा**

**▶ शव मिलने की जगह करेंगे प्रार्थना सभा**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर शिलांग पहुंचे उनके भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि अब उनका मकसद केवल अपने भाई के हत्यारों को सजा दिलवाना और जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनवाना है. उन्होंने शिलांग प्रशासन से राजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण-पत्र की आधिकारिक प्रति मांगी है ताकि हत्या की परिस्थितियों को और बेहतर ढंग से समझा जा सके.

विपिन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अब तक जिन परिस्थितियों में राजा की मौत हुई, उनमें कई ऐसे सवाल हैं जो अनुत्तरित हैं. इन दस्तावेजों से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि मौत तत्काल हुई या उसे घंटों तक तड़पाया गया. हमें हकीकत जाननी है, उन्होंने कहा. विपिन ने यह भी बताया कि वे सोहरा के वाई-सॉडोंग वॉटरफॉल्स पर भी जाएंगे,




जहां राजा का शव बरामद हुआ था. वे वहां शांति यज्ञ का आयोजन करेंगे ताकि राजा की आत्मा को शांति मिले. विपिन ने यह भी कहा कि यह प्रार्थना सिर्फ भाई की आत्मा के लिए नहीं बल्कि न्याय और मानवाधिकार की चेतना के प्रतीक रूप में की जाएगी. विपिन ने हाल ही में मामले से जुड़े तीन आरोपियों सिलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और बलबीर अहीरवार को मिली जमानत पर सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि ये लोग हत्या के बाद सबूत मिटाने और घटनास्थल से जुड़ी जानकारी छिपाने में शामिल थे, फिर भी इन्हें आसानी से जमानत मिल गई. विपिन ने इन जमानतों को शिलांग हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी शुरू कर दी है. उन्होंने यह भी कहा कि हम यह लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ेंगे, राजा अब वापस नहीं आएगा, लेकिन उसकी आत्मा को न्याय मिलना ज़रूरी है.

# विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**▶ विजय शाह की टिप्पणी पर कोर्ट में याचिका**

**जबलपुर,23 जुलाई. मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है. यह याचिका कांग्रेस नेता डॉ.जया ठाकुर ने दायर की है, जिसमें उन्होंने मंत्री विजय शाह को पद से हटाने की मांग की है.**

याचिका में आरोप लगाया गया है कि शाह द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी



पर की गई टिप्पणी उनकी संवैधानिक शपथ का उल्लंघन है. 11 मई को इंदौर के महू में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कर्नल सोफिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. इस बयान के बाद देशभर में विवाद खड़ा हो गया था.

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, इंदौर संभाग क्रमांक-02, इंदौर**
**जी-13, प्रथम 'तल' एम.आई.जी. कॉलोनी, एम.आई.जी. थाने के पीछे, इंदौर (म.प्र.), दूरभाष : 0731-2550472**
**मो.नं. : 9425601512, Email : mpphidclindore2@gmail.com**

**निविदा आमंत्रण सूचना - 23/2025-26**

म.प्र.पु.आ. एवं अधो.वि.नि., इंदौर संभाग क्र.-02, इंदौर सांदीपनि/सी.एम. राइज शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, नागदा (जिला धार) में बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु 11/0.433 के.व्ही., 1x200 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर मय उच्चदाब शिरोपरी लाइन सहित कार्य संपन्न करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 4.8.2025 तक खरीदे जा सकते हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121227/2025 **परियोजना यंत्री**

**कार्रवाई** ▶ मंत्रालय से विदाई, राज्यपाल का पीएस बनाकर राजभवन भेजा


# डॉ. कोठारी को विवाद के बाद पीएस पर्यावरण के पद से हटाया

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 जुलाई. सिया के चेयरमेन के साथ लगातार विवाद आखिर पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी को भारी पड़ गया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उन्हें पर्यावरण विभाग से हटाकर राज्यपाल के प्रमुख सचिव बनाकर राजभवन भेज दिया गया है.**

वहीं अब तक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल रहे केसी गुप्ता की मंत्रालय में आमद हो गई है, उन्हें एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है.

सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने बुधवार शाम को इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं. दरअसल सिया के चेयरमेन शिवनारायण सिंह चौहान ने पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी पर नियमों के खिलाफ जाकर सिया के अधिकार क्षेत्र में जाकर पर्यावरण से जुड़ी अनुमतियां जारी करने का आरोप जड़ा था, उन्होंने इस मामले में पर्यावरण विभाग के अफसरों के खिलाफ एफआईआर तक की सिफारिश की थी, उसके बाद 14 जुलाई को



विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने सिया के कार्यालय में ताला जड़वा दिया था, आनन-फानन में मामला मुख्य सचिव अनुराग जैन तक पहुंचा. मुख्य सचिव ने उस समय विदेश यात्रा कर रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया, मुख्यमंत्री ने तुरंत ही सिया कार्यालय का ताला खुलवाने के निर्देश दिये. उसके बाद उसी दिन ताला भी खोल दिया था, लेकिन तक से विभाग के प्रमुख सचिव और सिया के चेयरमेन के बीच विवाद लगातार सुर्खियों में बना रहा.

### बर्णवाल को पर्यावरण विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी

अशोक बर्णवाल अपर मुख्य सचिव को अपने मौजूदा दायित्वों के साथ अब एसीएस पर्यावरण विभाग और पर्यावरण आयुक्त व महानिदेशक एप्को का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है.

### चंद्रमौलि शुक्ला की सीएम सचिवालय में आमद

मुख्यमंत्री सचिवालय में बदलाव के क्रम में अब चंद्रमौलि शुक्ला की यहां आमद हो गई है. शुक्ला अपने वर्तमान दायित्वों के साथ अब अपर सचिव मुख्यमंत्री का प्रभार भी अतिरिक्त रूप से संभालेंगे. शुक्ला एमडी एमपीएसआईडीसी की हैसियत से हाल ही में मुख्यमंत्री के साथ दुबई और स्पेन की यात्रा में गए थे.

# पेसा एक्ट के बेहतर क्रियान्वयन के लिये आज होगा एमओयू

**भोपाल.** पेसा एक्ट के मप्र में बेहतर क्रियान्वयन के लिए त्रि-पक्षीय अनुबंध होगा. अनुबंध सचिव पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के बीच होगा. कार्यक्रम मप्र जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल में 24 जुलाई को शाम 4 बजे से होगा. कार्यक्रम में पेसा एक्ट पर बनी पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा. इस दौरान देशभर से आए पेसा एक्ट पैनलिस्ट, विशेषज्ञों के बीच चर्चा होगी.

**पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल**

**सं. डबल्यू/118/नि.आ.सू./ई-निविदा/2025-26/डबल्यूए/22 दिनांक : 22/07/2025**

**विभिन्न इंजीनियरींग कार्य**

| क्रम सं. | ई-निविदा सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (₹) | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 128-2025-26 | राजुला-पीपावाव एवं ढसा-राजुला अनुभाग में स्वीच एक्सपांशन जोइंट्स (SEJs) के 87 नंग के बदलीकरण सहित वैल्ड्स के 1604 नंग के थ्रु वैल्ड रिन्युअल (TWR) के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने ट्रैक रिन्युअल कार्य। | 98,47,017.00 | 1,97,000.00 |
| 02 | 129-2025-26 | भावनगर टर्मिनस : भावनगर टर्मिनस अंतर्गत 300 KLD सिवेज ट्रिटमेंट प्लांट का प्रावधान एवं संस्थापन करने का कार्य। | 2,59,35,580.80 | 2,79,700.00 |
| 03 | 130-2025-26 | गांधीग्राम : रनींग रूम का प्रावधान करने का कार्य। | 3,18,20,543.61 | 3,09,100.00 |
| 04 | 131-2025-26 | शाहपुर (SHH) एवं भायावदर (BHY) स्टेशन के टावर वेगन शेड/साईडींग के निर्माण के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने टावर वेगन शेड शाहपुर का निर्माण करने का कार्य। | 1,80,25,601.97 | 2,40,100.00 |

उपरोक्त सभी निविदा के लिए :- बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख: 30/07/2025 एवं बिडिंग समापन की तारीख: 13/08/2025 NIT कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। BVP-084

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60